बिहार में छाए नायब सैनी..जहां-जहां किया प्रचार, वहां-वहां खिला कमल

हरियाणा सीएम ने की रैलियां व रोड शो, दिल्ली के बाद बिहार में भी दिखा सीएम नायब सैनी का जलवा

नईम खान, पब्लिक एशिया

चंडीगढ़ » हरियाणा के बाद दिल्ली तथा अब बिहार विधानसभा में भाजपा को मिली जीत में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की भूमिका अहम है। नायब सैनी ने हाईकमान के निर्देशानुसार बिहार चुनाव में कई चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया और व्यक्तिगत जनसंपर्क कार्यक्रम भी किए। मुख्यमंत्री नायब सैनी के प्रचार की खास बात यह रही कि उन्होंने बिहार में कई जगह लोगों ने उनके लहजे में संवाद किया और खुद को बिहार वासियों के साथ जोडने् का प्रयास किया।

नाबय सैनी ने बिहार में चुनाव के दौरान जिला भोजपुर में अराह, तराड़ी, रोहतास जिले में डेहरी, गया में वजीरगंज, गौरा, औरंगाबाद जिले में गोह, वेस्ट चंपारण जिले में बगाहा तथा ईस्म चंपारण जिले में रामनगर सीटों पर चुनाव प्रचार किया।

मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में करीब एक माह तक हरियाणा नेताओं की बड़ी टीम बिहार चुनाव प्रचार में डटी रही। प्रचार के दौरान कई अवसर ऐसे भी आए जब मुख्यमंत्री ने हरियाणा को भी पूरा समय दिया और बिहार में पार्टी द्वारा लगाई गई डयूटी को निभाया।

हरियाणा भाजपा की एक टीम जहां बिहार में मोर्चा संभाले हुए थी वहीं एक टीम ने हरियाणा में बिहारी मूल के मतदाताओं के साथ लगातार जनसंपर्क किया। हरियाणा से बिहार में वोट डालने के मतदाताओं को प्रोत्साहित करके विशेष ट्रेनों से बिहार भेजा गया। पानीपत, सोनीपत, गुरुग्राम आदि शहरों में बिहारी मतदाताओं को उनके मूल क्षेत्रों में रवाना करने के बाद बकायदा कार्यक्रमों का आयोजन करके इस बात का अहसास दिलाया गया कि वह भले ही अपने घर से दूर हैं लेकिन लोकतंत्र के इस पर्व में उन्हें भागीदार बनाने के लिए भाजपा के प्रत्येक नेता व कार्यकर्ता एकजुट है।

दिल्ली में भी नायब सैनी ने किया था धुआंधार प्रचार

बिहार से पहले दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव में भी मुख्यमंत्री नायब सैनी की भूमिका काफी अहम रही थी। हरियाणा के गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत आदि जिलों से सटी दिल्ली की विधानसभा सीटों पर प्रचार की कमान नायब सैनी के हाथों में थी। दिल्ली में नायब सैनी से इस ढंग से प्रचार किया था कि जैसे वह खुद चुनाव लड़ रहे हों। परिणाम स्वरूप बिहार की तरह दिल्ली में भी नायब सैनी के नेतृत्व वाली सीटों पर न केवल भाजपा को जीत मिली बल्कि भाजपा ने सरकार भी बनाई।

बिहार चुनाव के बाद नायब सैनी का संगठन में कद हुआ मजबूत

हरियाणा में तीसरी बार कमल खिलाने के बाद पहले दिल्ली और अब बिहार चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के लिए प्रचार की कमान संभालने वाले हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का कद पार्टी में लगातार मजबूत हो रहा है। सत्ता और संगठन के बीच तालमेल बिठाकर चल रहे नायब सैनी ने यह साबित कर दिया है कि हरियाणा ही नहीं पड़ोसी राज्यों में भी उनकी स्वीकारता बढ़ी है। बिहार चुनाव परिणाम से हाईकमान की नजरों में नायब सैनी का सम्मान और अधिक बढ़ गया है।

बिहार में भी हुई हरियाणा की जलेबी की चर्चा : हरियाणा में विधानसभा चुनाव के दौरान गोहाना की जलेबी खासी चर्चा में रही। हरियाणा में प्रचार के दौरान भाजपा नेताओं ने कई जगह जलेबियां भी बनाई। इसके बाद दिल्ली के चुनाव में भी हरियाणा की जलेबी का जलवा रहा। भाजपा के चुनाव जीतने के बाद दिल्ली में हरियाणा की जलेबी बांटी गई। अब बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा के कई नेताओं ने हरियाणा की जलेबी की चर्चा जनता में की। गोहाना की जलेबी दिल्ली से होते हुए अब बिहार पहुंच गई है।

बिहार में एनडीए की जीत पर विधायक सुनील सांगवान ने कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

पब्लिक एशिया ब्यूरो

चरखी दादरी » बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद चरखी दादरी में विधायक सुनील सांगवान ने भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाया।

उन्होंने जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर के साथ कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाई और ढोल नगाड़ों के साथ खुशी का इजहार किया। बिहार चुनाव में एनडीए गठबंधन की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत पर भाजपा कार्यकर्ता शुक्रवार को विधायक सुनील सांगवान के साथ लाजपत राय चौक पर पहुंचे और एक-दूसरे को मिठाई खिलाते हुए जीत की शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, एनडीए सरकार की विकासपरक नीतियों और जनता के अपार विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया। कहा कि इस ऐतिहासिक जीत ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि जनता विकास, सुशासन और स्थिरता के पक्ष में है। विधायक सुनील सांगवान ने कि जहां भी चुनाव हो रहे हैं, वहां आम जनता का भरोसा भाजपा पर बढ़ रहा है। बिहार चुनाव में एनडीए की बड़ी जीत इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास जताते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। विधायक ने यह भी जोड़ा कि देश हित में हर वर्ग और व्यापारी समुदाय हमेशा भाजपा के साथ खड़ा है। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं गांव रानीला में भी कार्यकर्ताओं लने जलेबी बांटकर खुशियां मनाई। इस दौरान दीपक शर्मा, संजय बंसल, देशराज शर्मा, प्रमोद शर्मा, विनोद रानीला, मनवीर, सुनील सैन व अमरजीत ठाकुर आदि मौजूद रहे। उधर बाढड़ा में भी बिहार चुनाव की जीत पर रामपाल जांगड़ा व मा. चंद्रपाल सांगवान की अगुवाई में खुशी का इजहार कर भाजपा के पक्ष के नारेबाजी की।

बिहार चुनाव में एनडीए का ऐतिहासिक प्रदर्शन, महागठबंधन ध्वस्त : शमशेर सिंह खरक

राहुल गांधी की झूठ और लालू परिवार की लूट ने महागठबंधन को डुबो दिया

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

रोहतक » भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने बिहार विधानसभा चुनावों के परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपार लोकप्रियता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन मॉडल ने एनडीए को अभूतपूर्व विजय दिलाई है। जनता ने एकतरफा मतदान कर सरकार के विकास कार्यों पर अपनी मुहर लगाई। शमशेर सिंह खरक ने कहा कि राहुल गांधी की लगातार झूठ फैलाने वाली राजनीति और लालू परिवार की वर्षों की लूट की छवि ने महागठबंधन को पूरी तरह डुबो दिया। जनता ने जातिवाद और नकारात्मक राजनीति को सिरे से नकारते हुए विकास और स्थिरता का विकल्प चुना। उन्होंने कहा कि भाजपा बिहार में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, जबकि जेडीयू और लोजपा ने भी शानदार प्रदर्शन कर एनडीए की स्थिति और मजबूत की। इसके विपरीत कांग्रेस का प्रदर्शन अपने ऐतिहासिक निम्न स्तर पर रहा और राजद सहित महागठबंधन की सभी सहयोगी पार्टियाँ जनता का भरोसा जीतने में नाकाम

रहीं। चुनाव परिणाम साफ बताते हैं कि महागठबंधन का असली चेहरा जनता समझ चुकी है।' शमशेर सिंह खरक

उन्होंने कहा कि एनडीए को मिला जनादेश विपक्ष की नकारात्मक राजनीति पर एक करारा जवाब है। मोदी के नेतृत्व और नीतीश की कार्यशैली ने बिहार को वह विश्वास दिलाया है, जिसे महागठबंधन अपनी खोखली राजनीति के कारण कभी हासिल ही नहीं कर पाया। शमशेर सिंह खरक ने कहा 'बिहार ने अब तय कर दिया है कि यह राज्य विकास के रास्ते पर चलेगा, न कि भ्रांतियों, परिवारवाद और भ्रष्टाचार के शिकंजे में वापस लौटेगा। यही जनता का साफ संदेश है।'

हरियाणा सरकार का ग्रुप-डी कर्मचारियों पर गाइडलाइन

नियुक्ति से तबादले तक एक ही प्राधिकरण लेगा निर्णय मानवीय नियुक्ति, त्यागपत्र और अनुशासनात्मक कार्रवाई पर एक समान प्रक्रिया लागू

पब्लिक एशिया ब्यूरो

चंडीगढ़ » हरियाणा सरकार ने ग्रुप-डी कर्मचारियों से जुड़े मामलों को जल्द निपटाने के लिए एक बड़ी प्रशासनिक पहल की है। हरियाणा ग्रुप-डी कर्मचारी (भर्ती एवं सेवा की शर्तें) अधिनियम, 2018 और हरियाणा सरकारी राजपत्र (21 दिसंबर, 2023) के आधार पर जारी नए निर्देशों के तहत अब मानव संसाधन विभाग के महानिदेशक को नियुक्तिकर्ता प्राधिकरण घोषित किया गया है।

यानी ग्रुप-डी कर्मियों की नियुक्ति, त्यागपत्र, स्थानांतरण और अनुशासनात्मक कार्रवाई जैसे महत्वपूर्ण निर्णय अब इसी प्राधिकरण से होकर गुजरेंगे। सरकार ने स्पष्ट किया है कि मानवीय आधार पर नियुक्ति के सभी प्रकरणों की जांच हरियाणा मानवीय आर्थिक सहायता अथवा नियुक्ति नियम, 2019 के अनुसार की जाएगी। हर केस का सत्यापन एचएसएएस (हरियाणा प्रशासनिक सेवा) कैडर के अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

28 मार्च, 2018 या उसके बाद नियुक्त हुए सभी कॉमन कैडर ग्रुप-डी कर्मचारियों के त्यागपत्र वाले प्रकरणों को नियंत्रण अधिकारी या विभाग के माध्यम से सीधे मानव संसाधन विभाग तक भेजा जाएगा। सरकार ने चेतावनी दी है कि अनावश्यक देरी वाले मामलों की जिम्मेदारी संबंधित कार्यालय पर तय होगी।

पत्र में सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि इन नए नियमों को पत्र और भावना दोनों रूपों में लागू किया जाए। सरकार का कहना है कि यह व्यवस्था ग्रुप-डी कर्मचारियों से जुड़े मामलों को एक समान, पारदर्शी और तेज़ गति से निपटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और पूरे राज्य में समान प्रक्रिया लागू करने में मदद करेगी।

रोहतक में 10 से 15 दिसम्बर तक आयोजित होगी अग्निवीर भर्ती रैली- कर्नल अनुराग सिंह

सेना में भर्ती निष्पक्ष व पारदर्शी है, उम्मीदवार दलालों के बहकावे में न आए

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

रोहतक » स्थानीय सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक कर्नल अनुराग ङ्क्षसह चौहान ने बताया कि आगामी 10 से 15 दिसम्बर 2025 तक स्थानीय राजीव गांधी खेल स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती र-ैली आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न पदों के लिए भर्ती होगी। कर्नल अनुराग सिंह ने बताया कि इस अग्निवीर भर्ती रैली में अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क व स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर ट्रेड्समैन दसवीं पास व अग्निवीर ट्रेड्समैन आठवीं पास के पदों पर भर्ती आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सामान्य प्रवेश परीक्षा पास करने वाले तथा भर्ती रैली के लिए चुने गए सभी उम्मीदवार 14 नवम्बर 2025 से भर्ती रैली के लिए अपने यूजर नेम एवं पासवर्ड की सहायता से भारतीय,सेना,की,वेबसाईट,www. jàæinindianaræ÷my.nic.in से एडमिट कार्ड डाउनलोड करें। भर्ती निदेशक ने बताया कि सेना में भर्ती पूरी तरह निशुल्क की जाती है। उम्मीदवार किसी भी दलाल के बहकावे में न आए। सेना में भर्ती निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से की जाती है। सभी शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को ही नामांकित किया जाता है। कोई भी बाहरी व्यक्ति इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। सभी संबंधित उम्मीदवार कड़ी मेहनत से तैयारी करें। उन्होंने उम्मीदवारों से कहा है कि वे प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं एवं नशीली दवाओं के सेवन से बचें। यह दवाएं स्वास्थ्य के लिए अच्छी नही होती। यदि कोई उम्मीदवार ऐसी दवाओं का सेवन करते हुए या सेवन किए हुए पाया गया तो उसे सेना में भर्ती चयन से वंचित कर दिया जाएगा, चाहे उसने परीक्षा पास कर ली हो।

कर्नल अनुराग सिंह ने बताया कि बाहर से आने वाले उम्मीदवार भर्ती रैली के दौरान ठहरने के लिए स्थानीय धर्मशाला से सम्पर्क कर सकते हैं, जिनमें पूरी धाम धर्मशाला, श्री जोरावर सिंह जैन धर्मशाला, राजपूत धर्मशाला (परमार), सैनी धर्मशाला, छोटूराम धर्मशाला एवं धोबी धर्मशाला शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार भर्ती रैली से संबंधित किसी प्रकार की सहायता के लिए भर्ती कार्यालय के दूरभाष नम्बर-01262-253431 एवं 268568 के अलावा हेल्पलाईन सेवा-89013-84498 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेब साइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेकों का विवरण निम्नलिखित है:

क्र. सं.	नीलामी काटलोग सं.	कार्य का विवरण	नीलामी तिथि व समय
1	ADVT-UMB-SIR-OH-307-25-1	सरहिंद रेलवे स्टेशन पर यूनिपोल/होर्डिंग के माध्यम से विज्ञापन के लिए कुल 08 स्थान, कुल क्षेत्रफल 1152 वर्ग फुट (साइट– योजना के अनुसार)	24.11.2025, 12.00.00 hrs.
2	ADVT-UMB-BNN-OSN-148-22-2	बरनाला रेलवे स्टेशन पर 105 वर्ग फुट क्षेत्र में वाणिज्यिक विज्ञापन (गैर–डिजिटल)	24.11.2025, 12.00.00 hrs.

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं। 3551/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

Godrej Finance Limited

Godrej | FINANCE
A Godrej Capital Company

सार्वजनिक सूचना

मास्टर निर्देश - भारतीय रिजर्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - स्केल आधारित विनियमन) निर्देश, 2023 के अनुच्छेद 43 के अनुसार 'गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड' द्वारा सार्वजनिक सूचना

गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड ("कंपनी" या "जीएफएल") कंपनी अधिनियम, 1956 (कॉर्पोरेट पहचान संख्या: U67120MH1992PLC065457) के तहत निगमित एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी है और भारतीय रिजर्व बैंक (सीओआर संख्या: 13.00368) के साथ एक नॉन-डिपॉजिट स्वीकार करने वाली नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी ("एनबीएफसी") के रूप में पंजीकृत है। जीएफएल का पंजीकृत कार्यालय गोदरेज वन, पिरोजशानगर, ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, विक्रोली (पूर्व), मुंबई - 400079, महाराष्ट्र में स्थित है।

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी ऑपरेशनल कारणों से, इस नोटिस की तारीख से 3 महीने के अंदर, 946/8, वोडाफोन स्टोर के पास, रेलवे रोड के पास, जी.टी. रोड, क्लासिक टावर, पानीपत - 132103, हरियाणा पर स्थित अपने ब्रांच ऑफिस को, पहली मंजिल, एसकेजी आर्केड, खेवट नंबर 569, आईबी कॉलेज के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत - 132103, हरियाणा में शिफ्ट कर देगी।

ग्राहकों अपने सभी प्रश्न customercare@godrejcapital.com पर पूछ सकते हैं।

इस संबंध में कोई भी स्पष्टीकरण या पूछताछ, इस सूचना की तिथि से 30 (तीस) दिनों के भीतर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में श्री योगेश जैन, मुख्य अनुपालन अधिकारी को या gfl.compliance@godrejfinance.com पर भेजी जा सकती है।

Sd/-
गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड की ओर से

स्थान: मुंबई
तिथि: 15.11.2025

डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को दिया गया सम्मान पत्र : रामअवतार वाल्मिकी, महापौर, नगर निगम

पब्लिक एशिया ब्यूरो

रोहतक » नगर निगम महापौर रामअवतार वाल्मिकी ने बताया कि नगर निगम रोहतक द्वारा घर-घर से कूड़ा उठान का कार्य लगभग 85.90 करोड़ रूपये का साईनाथ सेल्स एण्ड सर्विस पाईवेट लिमिटिड को ई-निविदि के माध्यम से अलॉट किया गया था, इस कार्य की समयावधि 5 वर्ष की है। शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज प्रातः 6:00 बजे नई इंडस्ट्रियल एरिया, हिसार रोड, वार्ड नं. 1, कुताना (CEPT प्लांट एवं गद्दी खेड़ी रोड़ के पास) से डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण वाहनों को पूर्व सहकारिता मन्त्री मनीष कुमार ग्रोवर, मनोनित सदस्य अशोक कुमार वर्मा, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नरेश कुमार, शंकर गर्ग व विशेष स्वच्छता अधिकारी प्रदीप कौशिक एवं संयुक्त आयुक्त मंजीद सिंह, कूड़ा उठान एजेन्सी साईनाथ सेल्स एण्ड सर्विस पाईवेट लिमिटिड की और से आदित्य की गरिमामयी उपस्थिति एवं नगर निगम से कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया, मुख्य सफाई निरीक्षक सुधीर कुमार, सचिन व कनिष्ठ अभियंता सूर्या धनखड़ आदि की उपस्थिति में नारियल तोड़कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने कहा स्वच्छ, स्वस्थ और सुन्दर रोहतक का निर्माण हमारा सामूहिक लक्ष्य है। डोर-टू-डोर कलेक्शन प्रणाली

को सुदृढ़ करने से सफाई व्यवस्था न केवल तेज और प्रभावी होगी, बल्कि कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन को भी नई दिशा मिलेगी। नागरिकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। वे गीला और सूखा कचरा अलग-अलग देकर इस अभियान को सफल बनाएं। सभी डोर-टू-डोर कलेक्शन वाहनों में GPS आधारित ट्रैकिंग सिस्टम लगाया गया है, जिससे दैनिक संचालन, रूट कवरेज और समयबद्धता की निगरानी रियल-टाइम में की जाएगी। इससे सफाई व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही और अधिक मजबूत होगी। निगम क्षेत्र से निर्धारित रूट प्लान के अनुसार प्रतिदिन घर-घर कूड़ा संग्रहण होगा, गीले एवं सूखे कचरे का अलग-अलग संग्रहण पर जोर दिया जायेगा, जिससे गंदगी नहीं फैलेगी व कूड़े समयबद्ध उठान होगा। निगम के अधिकारियो द्वारा एंव स्वयं भी इस कार्य की समय-समय पर जांच की जायेगी व प्रत्येक घर से कूड़ा उठान सुनिश्चित किया जायेगा। सभी नागरिको का सफाई कार्य में सहयोग आवश्यक है तभी हम रोहतक शहर को स्वच्छता में सर्वोच्च स्थान दिला सकते है। मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने यह भी कहा कि घर-घर से कूड़ा लेने वाली एजेन्सी द्वारा सभी घरो पर RFID टैग लगाये जा रहे है। सभी नागरिको से अपील है कि वे अपने-अपने घर/दुकान/संस्थान पर त्थ्क् टैग अवश्य लगवाये व उसे खराब न करें क्योकिRFID टैग स्कैन करने उपरांत ही कूड़ा लिया जाना है जोकि सम्बन्धित एजेन्सी की जिम्मेदारी है। RFID टैग लगाने में पूर्ण सहयोग दें ताकि घर-घर से कूड़ा उठान का कार्य सुनिश्चित किया जा सके तथा किसी भी नागरिक को कूड़ा देने के कार्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसी कार्यक्रम में सफाई कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 35 सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया। महापौर ने सम्मानित कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र भेंट करते हुए कहा - ''सफाई व्यवस्था की रीढ़ हमारी सफाई टीम है, जब कर्मचारी प्रेरित और सम्मानित होते हैं, तब वे और अधिक समर्पण के साथ कार्य करते हैं।''

बिहार की जनता ने वंशवाद की राजनीति से ऊपर उठकर मतदान किया तभी सुशासन, विकास और सामाजिक न्याय की हुई है जीत : प्रमोद विज

सचिन सिधवानी, पब्लिक एशिया

पानीपत » शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की बंपर जीत हुई। राजद के नेतृत्व में महागठबंधन का बुरा हाल देखने को मिला। इस से साफ है कि बिहार की जनता ने पीएम नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर विश्वास जताया है। इसी कड़ी में बिहार में एनडीए की जीत पर शहरी विधायक प्रमोद विज ने अपने कार्यालय में सैकड़ो कार्यकर्ताओं को जलेबी खिलाकर जीत की खुशियाँ साझा की। आए हुए कार्यकर्ताओं का विधायक विज ने जलेबी खिलाकर स्वागत किया और जीत की शुभकामनाएं दी।

विधायक विज ने कहा कि यह जीत पीएम मोदी की विकास की राजनीति और प्रदर्शन की जीत है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने एनडीए को स्पष्ट बहुमत देकर साबित कर दिया है कि बिहार की जनता के दिलों में नरेंद्र मोदी बसते हैं। यह नीतीश कुमार के प्रयासों और भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के समर्पण की जीत है। बिहार के लोगों ने वंशवादी राजनीति से ऊपर उठकर राज्य के विकास और वृद्धि के लिए वोट दिया है। विज ने कहा कि बिहार की जनता ने प्रगति और विकास को चुना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जनकल्याणकारी नीतियों पर यह जीत जनता जनार्दन के विश्वास की मुहर है। बिहार की जनता ने जंगलराज को पूर्णतः नकार दिया है। यह जनादेश विकसित बिहार, विकसित भारत के सपनों को साकार करेगा। एनडीए के सभी जीते हुए प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हैं। वहीं महापौर कोमल सैनी, सांसद प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, मंडल अध्यक्ष विनय अरोड़ा, हिमांशु कटारिया, चेतन तनेजा, पार्षद अशोक कटारिया, नवल जिंदल, कमल अरोड़ा, संचित तनेजा, रॉकी गहलोत, अनिल मदान, जयदीप अरोड़ा, अमित नारंग, पार्षद पति प्रीतम गुर्जर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ऑपरेशन ट्रैक-डाउन

हरियाणा पुलिस ने 22 की खोली हिस्ट्रीशीट, 59 कुख्यात सलाखों के पीछे

पब्लिक एशिया ब्यूरो

चंडीगढ़ » हरियाणा पुलिस द्वारा पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह प्रदेश में चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान 'ऑपरेशन ट्रैक-डाउन पर रिपोर्ट जारी करते हुए कहा है कि इस मिशन का मुख्य उद्देश्य गंभीर अपराधों में वांछित, फरार, इनामी और आदतन अपराधियों की धरपकड़ कर राज्य में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाना है, और यह अभियान पूरी सक्रियता से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर रहा है।

शुक्रवार को जारी जानकारी में पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 12 नवंबर तक की गई कार्रवाई के दौरान एक ही दिन में 59 कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुँचाया है। इसके साथ ही, 22 आदतन और हार्डकोर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है, जिससे इन पर पुलिस की लगातार निगरानी सुनिश्चित हो सके। पुलिस ने हत्या, हत्या के प्रयास व उगाही जैसे संगीन अपराधों में शामिल 33 अपराधियों को गिरफ्तार किया, जबकि अन्य अपराधों में भी 287 अपराधियों को धर दबोचा गया। ऑपरेशन ट्रैक-डाउन शुरू होने से लेकर अब तक कुल 378 कुख्यात और अंतरराज्यीय अपराधी जेल पहुँच चुके हैं, जबकि अन्य अपराधों में गिरफ्तार अपराधियों की संख्या 1918 तक पहुँच गई है, जो हरियाणा पुलिस की अपराध मुक्त राज्य बनाने की दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि ऑपरेशन ट्रैक-डाउन के तहत कुख्यात इनामी अपराधियों और अवैध हथियार रखने वालों की लगातार गिरफ्तारी से न केवल पुलिस रिकॉर्ड बेहतर हो रहे हैं, बल्कि यह आम जनता में सुरक्षा और विश्वास की भावना को भी मजबूत कर रहा है।